बलरामपुर पुलिस

# ठगे गए दो लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

बलरामपुर। व्यापार के लिए प्लास्टिक का सामान उपलब्ध कराने का झांसा देकर उतरौला क्षेत्र निवासी व्यक्ति से साइबर ठगों ने दो लाख रुपये ठग लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने ठगी की पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि उतरौला क्षेत्र निवासी रोहित कुमार गुप्ता ने शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने फोन कर व्यापार के लिए प्लास्टिक का सामान उपलब्ध कराने की बात कही। इसके बदले आरोपियों ने दो लाख रुपये मांगे। उनकी बातों पर विश्वास कर रोहित ने बताए गए बैंक खाते में रकम भेज दी। भुगतान मिलने के बाद आरोपी सामान देने में टालमटोल करने लगे। काफी इंतजार के बाद भी सामान नहीं मिला और न ही रुपये लौटाए गए। शिकायत के बाद पुलिस ने संबंधित बैंक और भुगतान सेवा प्रदाताओं से संपर्क कर रकम की वापसी की प्रक्रिया शुरू कराई। (संवाद)